## एक नजर

### अलग-अलग जगहों पर दो किशोर हुए सर्प दंश के शिकार

**मेदिनीनगर।** जिले के अलग-अलग जगह पर सर्पदंश से दो किशोर घायल हो गए। पहली घटना में पांडवा प्रखंड के बटसारा गांव की बतायी जाती है। इस गांव में रहने वाले अनिल सिंह के बेटे 14 वर्षीय विक्की कुमार सिंह घर के बगल जमा बरसात के पानी में हाथ धो रहा था। इसी बीच उसे एक सांप ने काट लिया। वहीं, दूसरी घटना में हैदारनगर के बहैरा हरिजन बिगहा की है। यहां रहने वाले सुरेश राम के 15 वर्षीय बेटे पवन कुमार को सोने के क्रम में रविवार की भोर में अज्ञात जंतु ने काट लिया। काटने के बाद उसने गले तथा पेट में दर्द की शिकायत की। जहां परिजन उसे हालत बिगड़ने पर एक निजी क्लीनिक में लेकर पहुंचे। इलाज के बाद डॉक्टर ने सांप डंसने की आशंका व्यक्त करते हुए उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने सर्प दंश की पुष्टि की। घायल किशोरों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। जहां विक्की की हालत खतरे से बाहर है।

### बभंडी तालाब स्थित राधा कृष्णा मंदिर में भजन -कीर्तन का आयोजन

# पलामू में जन्माष्टमी की धूम, राधे कृष्ण नाम संकीर्तन की चहुंओर गूंज

- मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़
- इस्कॉन केंद्र में जन्माष्टमी की सुबह 5 बजे भगवान श्री कृष्ण की मंगला आरती की गई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे पलामू में धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के पहले दिन सोमवार को कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कृष्ण जन्माष्टमी पर सबसे आकर्षक कार्यक्रम हरे कृष्ण भगवान पुलिस लाइन रोड में इस्कॉन के द्वारा रखा गया था। इस्कॉन के मेदिनीनगर केंद्र प्रमुख सुंदर माधव दास में बताया कि इस्कॉन केंद्र में जन्माष्टमी की सुबह 5 बजे भगवान श्री कृष्ण के मंगला आरती की गई, इसके बाद 5:30 से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु नरसिंह आरती हुई, उसके बाद 5:45 से तुलसी आरती का पाठ किया गया। 7:00 तक 1 घंटे विशेष मंत्र का उच्चारण सभी के द्वारा किया गया ।



### जन्माष्टमी पर विभिन्न लाइटों से सजाए गए पंडाल

जन्माष्टमी का अवसर पर शहर के विभिन्न जगहों पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर आकर्षक पंडाल भी बनाए गए थे जिसे विभिन्न तरह के रंगों की लाइट से सजाया गया था। भक्तों ने शुभ मुहूर्त विधि विधान से भगवान श्री कृष्ण की पूजा की एवं उनके जन्मोत्सव पर लड्डू और मिठाइयां बांटी।

### भजन -कीर्तन और नाटक का हुआ मंचन

वहीं, चैनपुर के बभंडी तालाब स्थित राधे कृष्णा मंदिर में इस्कॉन द्वारा भजन -कीर्तन किया गया। साथ ही मायापुर कोलकाता से आए हुए श्रीधर प्रभु द्वारा उपस्थित लोगों को प्रवचन दिया गया। अपने प्रवचन में श्रीधर प्रभु ने कहा कि हम सभी संसार रूपी जेल में अटके हुए हैं और हरि नाम औषधि ही इस संसार में हमारे छुटकारे के लिए एकमात्र सहारा है। उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद भी वितरण किया गया। विश्राम के बाद 4:00 से राधे कृष्ण के रूप में बच्चों ने रूप सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेकर सबका मन मोहा। जन्माष्टमी पर मुख्य कार्यक्रम 6:00 बजे से शुरूआत हुआ जिसमें तुलसी आरती के बाद संध्या आरती की गई । साथ ही कीर्तन और पुरस्कार वितरण किया गया। इस्कॉन के द्वारा कोलकाता से आई हुई टीम ने नाटक का मंचन किया। उपस्थित भक्तों को गौड़धाम प्रभु के मुखारविंद से प्रवचन सुनने को मिला। आखिरी में महा अभिषेक के बाद महा आरती एवं पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### जन्माष्टमी के दिन मोर पंख सहित कई वस्तुएं खरीदना शुभ

सनातन धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर साल बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इससे भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जन्माष्टमी को लेकर लड्डू गोपाल के साथ मोरपंख, बांसुरी, झूला, गाय-बछड़े की मूर्ति, वैजयंती माला और माखन को घर लाने से कृष्ण की विशेष कृपा बरसती है। साथ ही घर में बरकत भी बढ़ती है। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण से सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जन्माष्टमी से पहले इन चीजों को घर में आपका भाग्य बदल सकता है।

## पांकी- मेदिनीनगर मुख्य पथ पर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे घरवाले



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी- मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के आवास के बगल में स्थित घर के करीब एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया एक खबर बनाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में घर के सामने स्थित पेड़ से ट्रक की टक्कर हुई। दुर्घटना में बगल में स्थित अनिल कुमार शर्मा के घर वाले बाल बाल बच गए। घटना रविवार की रात 12:10 की बताई जाती है। दुर्घटना के संबंध में अनिल शर्मा ने बताया कि वे लोग गहरी नींद में सो रहे थे तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ टक्कर हुई जिसके बाद वह घर से बाहर निकले। घटना के बाद जहां ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भाग गया वहीं खबर लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटाया नहीं गया था।

## जेजेएमपी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**सतबरवा/ मेदिनीनगर।** पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन सक्रिय सदस्यों को सतबरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। उससे पहले ही गुप्त सूचना पर उन्हें वाहन जांच के दौरान धर दबोचा गया। तीनों को सोमवार को जेल भेज दिया। मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने सोमवार को सतबरवा थाना में बताया कि पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के तीन सदस्य रविवार रात्रि में किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से लातेहार जिले के छिपादोहर की ओर से अपाची बाइक पर सवार होकर सतबरवा आ रहे हैं। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में तुंबागड़ा के पास जांच टीम गठित की गई। इस दौरान तीनों पुलिस को देखकर बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि जेजेएमपी उग्रवादियों के पास से एक देसी मेड राइफल, एक देसी लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली विजय पासवान पलामू के होटाई गांव के रहने वाले जेजेएमपी नक्सली अखिलेश यादव के काफी गरीबी है। विजय के पास से देसी मेड राइफल बरामद हुई है। तीनों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि रजडेरवा में बन रही पुलिया के मजदूरों के साथ लेवी के लिए मारपीट की थी एवं निर्माण कार्य रोकने की धमकी दी थी। विजय पासवान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा के मुड़ाथान टोले का रहने वाला है, जबकि अशोक कुमार यादव इसी थाना क्षेत्र के धावाडीह गांव का निवासी है। उसके खिलाफ लेस्लीगंज थाना में मामला दर्ज है। तीसरा नक्सली अखिलेश कुमार ठेमी सतबरवा का निवासी है।



जेजेएमपी नक्सलियों के पास एक देसी मेड राइफल, एक देसी लोडेड कट्टा, छह जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम

## हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार कर्म करते रहना चाहिए: प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के प्रांगण में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके. सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चे कृष्ण, राधा एवं सुदामा का आकर्षक वेश-भूषा धारण कर आये थे। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने भक्ति गीत 'मैया मोहे दाऊ बहुत खिझायो' और 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो' गीत गाकर सबका मन मोह लिया। कक्षा द्वादश की जिया और श्रुति ने 'तुम इतना न करियो श्रृंगार' गीत पर अनुपम प्रस्तुति दी। विद्यालय के चारों सदनों की छात्राओं के द्वारा मनोरम एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इलियट सदन - प्रथम, कीट्स सदन - द्वितीय, तथा बायरन सदन तृतीय स्थान पर रहे। माखन चोरी और सुदामा मिलन जैसे कृष्ण की बाल लीलाओं पर लघु नाट्य का मंचन मनोरंजन का मुख्य केंद्र था। इस मौके पर उपस्थित प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जिस प्रकार राक्षसों का वध करने के लिए त्रेतायुग में श्रीराम ने जन्म लिया था। उसी प्रकार द्वापर युग में अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की स्थापना करने के लिए श्री कृष्ण ने इस धरती पर जन्म लिया था। हमेंकृष्ण के अच्छे गुणों को हमें आत्मसात करना चाहिए। जिस प्रकार श्री कृष्ण ने गीता में कर्म करने का उपदेश दिया उसी प्रकार हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार कर्म करते रहना चाहिए। कर्म पर हमारा अधिकार है ,परंतु फल पर नहीं। अच्छा कर्म करेंगें तो अच्छा फल मिलेगा और बुरा कार्य करेंगें तो बुरा फल मिलेगा। इसलिए हमें सदा अच्छे कर्म ही करने चाहिए। मंच संचालन पूजा भारती एवं तनु प्रिया के द्वारा किया गया।



'मैया मोहे दाऊ बहुत खिझायो' गीत गाकर बच्चों ने सबों का मन मोहा

## मंकी पॉक्स से बचाव हेतु जागरूकता जरूरी : सीएस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मंकी पॉक्स का एक भी केस अब तक भारत में नहीं पाया गया है, परंतु आसपास के देशों में मंकी बॉक्स के कई मरीजों के मिलने के बाद यहां भी इसका प्रसार होने की पूरी संभावना है स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न दिशा- निर्देश दिए गए हैं ताकि मंकी बॉक्स से बचाव किया जा सके। उक्त बातें पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने एक प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि राज्य में मंकी पॉक्स की रोकथाम, बचाव, नियंत्रण, जांच तथा इलाज सुनिश्चित कराने को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान द्वारा सिविल सर्जनों को विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि मंकी पॉक्स का एक भी केस अब तक भारत में नहीं पाया गया है, परंतु आस पास के देशों में मंकी पॉक्स के कई मरीजों के मिलने के बाद यहां भी इसका प्रसार होने की पूरी संभावना है। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए हैं, ताकि मंकी पॉक्स से बचाव किया जा सके। यह मुख्यतः प्रत्यक्ष शारीरिक संपर्क जैसे शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ एवं यौन संपर्क या घाव के संपर्क में आने से, अप्रत्यक्ष रूप में दूषित कपड़ों या प्रभावित व्यक्ति के लिनेन के माध्यम से और लंबे समय तक निकट संपर्क में आने पर सांसों से फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशी में दर्द, पीठ दर्द, थकान महसूस होना, लिफ नोड में सूजन और शरीर पर चकते, जो तीन सप्ताह तक रह सकते हैं। संक्रमित मरीज के खांसने, छींकने से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से यह वायरस दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है।

### कार्यक्रम

### ब्राईट लैंड संस्कृति स्कूल में पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी: रागिनी राय



- वर्तमान दौर में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम सभी को सजग और सचेत रहने की आवश्यकता

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सर्वेश्वरी वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत चैनपुर प्रखंड के बंभडी में स्थित ब्राइटलैंड संस्कृति स्कूल में पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर की गयी। मौके पर स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा चलाये जा रहे अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वर्तमान दौर में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम सभी को सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है। जीवन के प्रारंभिक दौर से ही बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति अपनापन का भाव रहे इसे लेकर स्कूल के बच्चों के बीच पौधा का वितरण किया जा रहा है।

### आठ सौ पौधों का वितरण किया गया

श्रीमति राय ने कहा कि पर्यावरण को ले कर परम पूज्य गुरूपद संभव राम जी का यह संदेश है कि वृक्षों की अंधाधुंध कटाई तथा मनुष्यों के अप्राकृतिक कृत्यों के चलते प्रकृति कुपित हो गयी है जिसका दुष्परिणाम पूरी मानवता पर संकट के रूप में आज दिखायी दे रहा है। इसलिए समूह के स्तर से निरंतर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया जा रहा है। बताया गया कि इस अभियान के तहत ब्राइटलैंड संस्कृति और ब्राइटलैंड स्कूल में लगभग आठ सौ पौधा का वितरण किया गया। मौके पर समूह के प्रचार मंत्री अनुराग कुमार सिंह ,नवनीत सिंह, स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह, पुष्पेंद्र कौर ,प्रसन्नजीत बोराल,अनुभव पटेल,शोभा तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कूड़े के ढेर से लोगों को हो रही है परेशानी

**मेदिनीनगर।** शहर के सघन आबादी क्षेत्र में गिने जाने वाले पहाड़ी मुहल्ले में कई जगहों पर कचरे का ढेर दिखाई दे रहे हैं। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से गुजरते समय कूड़े के ढेर से उत्पन्न होने वाली बदबू के कारण लोग यहां से नाक पर रूमाल रखकर गुजरते हैं। बारिश में यहां की स्थिति और भी नारकीय हो जाती है। पहाड़ी मुहल्ला में स्थित उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल और शाह मुहल्ला चौक, ट्रेनिंग स्कूल आदि जगहों पर सड़क पर कूड़े के ढेर पड़े हुए हैं। गंदगी के कारण स्कूल जाने वाली छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं, अभी बरसात के मौसम में कूड़े के ढेर से बीमारियों क फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। यहां के निवासियों को कहना है यहां से कूड़े का ढेर को जल्द से जल्द ही हटाया जाये।

## न्यूज बॉक्स

### डाटा जमा करने में जुटे आजसू के कार्यकर्ता



**मेदिनीनगर।** पलामू में आजसू छात्र संघ एवं युवा आजसू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निदेर्शानुसार सोमवार से जिले के बेरोजगार युवाओं के डाटा जमा करने में जुट गए हैं । स्थानीय परिषदन भवन में बैठक कर 8 सितम्बर को होने वाले युवा संकल्प समागम सह युवा महासम्मेलन की रूप रेखा तय की गयी । आजसू पार्टी के युवा पहले राज्य के बेरोजगारों का डाटा जमा करेंगे और 8 सितम्बर को मुख्यमंत्री आवास जाकर उस डाटा को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे । पलामू में लगभग सभी प्रखंडों में इसकी तैयारी सोमवार से शुरू कर दी गयी है। इस बात की जानकारी छात्र नेता अभिषेक राज ने दी । उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया बड़े गर्व से कहते हैकि उन्होंने नियुक्तियों की झड़ी लगा दी है, मगर राज्य के युवाओं के हालत को उनके समक्ष डाटा के रूप में रखकर आजसू के एक लाख से अधिक युवा उन्हें आईना दिखाने का काम करेंगे । हर साल पांच लाख नौकरी और नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता का झूठा वादा कर सत्ता में आई हेमंत सरकार ने युवाओ को पांच वर्षो में सिर्फ छलने का काम किया है ।

### क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सोमवार को बैरिया, जोड़, एवं खनवा गांव में जनसंपर्क अभियान कर ग्रामीणों की जन समस्याओं से अवगत हुआ। तिवारी ने कहा कि युवा ही किसी गांव कस्बे एवं देश का भविष्य होते हैं, लेकिन डाल्टनगंज के पूर्व एवं वर्तमान विधायकों ने युवाओं के रोजगार एवं पलायन के बारे में कुछ नहीं सोचा। जन प्रतिनिधियों ने सिर्फ अपनी निजी संपत्ति बढ़ाई है। डाल्टनगंज विधानसभा में पलामू जिला एक बड़ी फैक्ट्री एवं उद्योग के लिए तरस रहा है। मौके पर किसान सभा के वरिष्ठ नेता रामराज तिवारी, सुशील शुक्ला, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, मृत्युंजय तिवारी, कमलेश तिवारी, भरत तिवारी, भास्कर तिवारी, अभिषेक तिवारी, मंटू तिवारी, आर्यन रितेश सहित कई लोग मौजूद थे।

### नेउरा में 11 लाख का तजिया निकाला गया



**मेदिनीनगर।** शहर से 10 किलोमीटर दूर नेउरा गांव में चहल्लूम के जुलूस में 11 लाख के ताजिया को देखने के लिए आस-पास क्षेत्रों से हजारो की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्ञात हो कि इमाम हुसैन की याद में स्थानीय कारीगरों ने यह ताजिया बनाया था। इस ताजिया को देखने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, मनोज सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहें।

### बाइक के धक्के से महिला घायल



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ गांव की बिंधवा टोला की रहने वाली फुदनी देवी मेदिनीनगर शहर के जिला स्कूल चौक पर बाइक के धक्के से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार वह अपने भाई नागेंद्र पासवान के साथ बाजार में खरीददारी करने आई थी। जहां बाइक से उतरकर सड़क के किनारे खड़े होने के दौरान पीले रंग के अपाची मोटरसाइकिल चालक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस संदर्भ में नागेंद्र पासवान ने बताया कि अचानक तेज रफ्तार में आ रही अपाचे बाइक ने उनकी बहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनके पैर में काफी चोट लग गई। बाइक सवाल नशे में था जिसे राजस्थानी लोगों ने पड़कर इलाज कराने हेतु कहा। लेकिन मौके का फायदा उठाकर बाइक छोड़कर वह फरार हो गया। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। दुर्घटना के बाद बाइक को शहर थाने में को सुपुर्द कर दिया गया। महिला को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

### भाजपा ओबीसी और पिछड़ों को तोड़ने का षड्यंत्र कर रही है: झामुमो




**मेदिनीनगर।** झामुमो के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा पर कड़ा हमला किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो के नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, व्यवसायिक मोर्चा के दीपू चौरसिया और पिछड़ा मोर्चा के ललन चौधरी उपस्थित थे। नेताओं ने कहा ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर भाजपा चुप्पी साध लेती है, जाति जनगणना पर भाजपा के नेता मौन धारण कर लेते हैं, परंतु भाजपा के नेता ओबीसी के स्वयंभू संरक्षक बने घूमते हैं। आज झारखंड में पूरे देश के व्यवसायी आना चाहते हैं। यहां के व्यापारी सुखी सम्पन्न हैं। लेकिन उन पर भाजपा ने सिर्फ टैक्स का बोझ लादने का काम किया है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के पास रविवार की रात एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मकरी बरवा बांध निवासी विनोद यादव और सुजीत राम ने तुरंत ऑटो की मदद से भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचओ सुभाष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अखिलेश पटेल (पिता नागेंद्र चौधरी) और अनूप कुमार (पिता उमेश बैठा), दोनों खारौंधी चोरिया निवासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि वह श्री बंशीधर नगर से बाइक पर अपने गांव खारौंधी वापस लौट रहे थे। मकरी के दोनों युवक, विनोद और सुजीत जो उसी रास्ते से गुजर रहे थे, ने घायलों को सड़क किनारे तड़पते देखा और तुरंत उन्हें सीएचसी पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई दिनेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### तालाब में डूबने से बच्ची सहित एक व्यक्ति की मौत

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत अंतर्गत तेनुआही टोला मे सोमवार को तालाब मे डूबने से एक दो वर्ष की लड़की सहित 41 वर्षीय व्यक्ति की भी तालाब में लड़की को बचाने के क्रम मे मौत हो गई। यह घटना तेनुआही टोला स्थित एक तालाब मे दो वर्षीय खुशी कुमारी नहाने के दौरान गहरे पानी मे डूबने लगी। खुशी को गहरे पानी मे डूबता देख 41 वर्षीय मनबोध कोरवा जब बचाने के लिए तालाब मे कुदा तब उसी क्रम पानी से भरे तालाब के गहरे पानी मे वह भी डूब गया और उसकी मौत हो गई। मृतका दो वर्षीय खुशी कुमारी व मृतक मनबोध कोरवा के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर छाती पीट-पीटकर रोने लगे। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार दोनों का शव कब्जे मे लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में निकला चेहल्लुम का जुलूस

## मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने कर्बला पहुंचकर फातिहा पढ़ा



### या अली या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को चेहल्लुम का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकाला गया। प्रखंड के चेचरिया, नगर उंटारी, बरडीहा, नरही, कधवन, कोइन्दी, कोलझिकि, सरहसताल, कुशड़ण्ड, सोनबरसा सहित आस-पास के ग्रामीणों क्षेत्रो में चेहल्लुम के अवसर बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने कर्बला पहुंचकर फातिहा पढ़े। मोहर्रम के 40 दिन होने के बाद चेहल्लुम का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने चौक से ताजिया और इस्लामी झंडा निकाले। बरडीहा गांव में चेहल्लुम के अवसर पर बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर या अली या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा चेहल्लुम के अवसर पर बरडीहा कर्बला के मैदान में युवाओं ने नये अंदाज में लाठी, भाले, तलवार से कई करतब भी दिखाये। नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने कहा कि यह त्योहार हजरत इमाम हुसैन के 72 साथियों के कर्बला के मैदान में हुये शहादत की याद में मनाया जाता है। चेहल्लुम के अवसर पर लाठी, तलवार सहित अन्य परंपरागत हथियारों का करतब भी दिखाया गया। युवाओं ने या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए मातम मनाया। चेहल्लुम का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी आदित्य नायक लगातार क्षेत्र भ्रमण करते रहे। जुलूस में सदर व पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, डॉ. ताहिर हुसैन, हैसियत अंसारी, पुलिस कलाम अंसारी, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर राकिब अनवर, उस्मान अंसारी, मसउवर अंसारी, डॉ. रिजवान अहमद, वकील अहमद, मकबूल अहमद, गुलाम हुसैन, साजिद रजा, वकील अहमद, दिलशाद अहमद, नेयामत हुसैन, मुस्तकीम अंसारी, रईस, परवेज, अफरोज, सद्दाम, रागिब, मकसूद, सागिर, तौसीफ, भानू, असलम, महफूज, कासिफ, रासिब, गुलाम, समसिर, अजीज, नौशाद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों का प्रदर्शन

मेराल प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। प्रखंड के पूर्वबारा टोला, मकूना टोला, चरका पत्थर टोला, गोंदा से ताजिया अखाड़े व डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। थाना गेट सामने जुलूस का मिलान करने के बाद चरका पत्थर मस्जिद के पास सभी टोला के ताजिया अखाड़े जुलूस शामिल हुए। इस दौरान पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन करने के साथ हैरतअगंज प्रदर्शन किया गया। मौके पर मेराल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस में मौजूद थी।

### 40 वें दिन बाद चेहल्लुम मनाया गया

केतार प्रखंड क्षेत्र के केतार बेलाबार, नावाडीह गांव में सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सादगी और अकीदत के साथ चालीसवां का जुलूस निकाल कर पहलाम मनाया। इस अवसर पर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के नवाहे इमामे हसन व इमामे हुसैन की शहादत कि 40 वें दिन बाद चेहल्लुम मनाया गया। यहां पूरे दिन गांव के मुहल्ले में मातम, मसीहा गाजे-बाजे के साथ गुंजता रहा। सुबह में जुलूस कुशवा टोला, बरवाही टोला से उठकर मस्जिद के रास्ते होते हुए पंडा नदी के किनारे मैदान में पहुंचा। वहां लोगों ने बेलाबार -नावाडीह के ताजिया, शिपड़, दुलदुल और इस्लामिया झंड़े का आपस में मिलान कर अपने घर लौटें। पुनः दोपहर बाद गाजे-बाजे के साथ पुरबारा टोला से जुलूस उठकर शाम पांच बजे कर्बला मैदान तक पहुंचा। वहां गांव के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाया। मौके पर मुकुन्दपुर मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, अंजुमन सदर समीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, साकिर अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी, फुजैल अंसारी, मकसुद अंसारी, रहमान अंसारी सहित बड़ी संख्या में हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

# तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

### 3 लाख 20 हजार रुपए धोखाधड़ी करने और पैसा मांगने पर जान मारने की धमकी देने का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पुलिस ने अलग-अलग तीन मामलों में आधा दर्जन लोगों पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने का प्राथमिकी दर्ज किया है। पहले मामले में भवनाथपुर बाजार निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता पिता स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता ने बाजार निवासी अपने दोस्त विनोद विश्वकर्मा पिता लक्ष्मी विश्वकर्मा पर कर्ज के रूप में 3 लाख 20 हजार रुपए धोखाधड़ी करने और पैसा मांगने पर जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसी तरह भवनाथपुर बाजार कर्पुरी चौक निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद पिता सियाराम प्रसाद गुप्ता ने जमीन खरीदने के लिए दिए पैसा पर फर्जी जमीन पाए जाने पर अपना पैसा वापस मांगने पर भंडरिया मदगड़ी निवासी रामप्रवेश प्रसाद पत्नी कौशल्या देवी, पलामू जिला के पांकी निवासी बुरजू गुप्ता पत्नी विभा देवी तथा पलामू के हैदरनगर निवासी सुप्रिया कुमारी पिता कृष्णा प्रसाद गुप्ता पर 8 लाख रुपया धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। तीनों दर्ज मामले पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# डैम में डूबे मृतक बच्चों के परिवार से मिले भानू



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही नगर पंचायत क्षेत्र के उरांव टोला जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने परिजनो को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। 16 अगस्त को बभनीखांड डैम में डूबने से तीन बच्चो की मौत हो गई थी। सोमवार को पहुंचे विधायक ने इस दौरान परिजनों को सांत्वना देते हुए आपदा राहत के तहत मिलने वाली मुआवजे की राशि को जल्द दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि घटना काफी दुःखद है। वह मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि लगातार इस तरह की घटना घट रही है। 3 सालों के अंदर 12 बच्चों की मौत हो गई है। अभिभावक बच्चों पर ध्यान दें। वह डैम पर गार्ड की प्रतिनियुक्ति और घेराबंदी के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान विधायक ने डीसी से मोबाइल पर बात कर सुरक्षा को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग की। साथ ही सिविल सर्जन से अभी तक बच्चों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं तैयार करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल रिपोर्ट बनाने की बात कही। ग्रामीणों से बताया की क्षेत्र में नहीं रहने के कारण घटना के दिन नहीं आ सके थे। घटना की जानकारी मिलते ही डीसी से मुआवजे को लेकर मोबाइल से बात की थी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण अध्यक्ष विकास पांडेय, भाजयुमो शहरी अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, विभूति चौबे, संजय कांस्यकार, सोनू कुमार, जुगेश उरांव, बंधन उरांव, लल्लू ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीएसपी में चोरी की घटना का उद्भेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** पुलिस ने एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में लूट का असफल प्रयास करने का उद्भेदन कर लिया है। घटना के बाद से ही पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही थी। चार दिनों के अंदर पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ने में सफल रही है। यह जानकारी सोमवार को थाना परिसर में बंशीधर नगर अनुमंडल एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि गुरुवार को रात्रि मे विशुनपुरा थाना अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ऊपरी तल्ला पर स्थित एसबीआई सीएसपी बैंक में अज्ञात अपराधी द्वारा चोरी करने के नियत से दरवाजा में लगा ताला को तोड़ने का प्रयास किया गया था। इस घटना को लेकर सीएसपी संचालक मदन प्रसाद गुप्ता ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ एवं पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल द्वारा घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर सीएसपी बैंक में लगा ताला तोड़ने वाले अपराधी की पहचान किया गया। फुटेज एवं स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से विशुनपुरा गांव के ललकी माटी टोला निवासी सुनील पाशवान के 21 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार उर्फ भानू के रूप मे किया गया। अपराधी के घर छापामारी कर पंकज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना में प्रयोग किए गये लोहे की छेनी, हथोड़ी, पलाश हेक्सा बलेड अपराधी के पास से बरामद किया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राहुल सिंह, पुअनी अमित प्रशांत, मिनातुल्ला खान, अवधेश उपाध्याय, श्यामसुंदर राम, धनजय मेहता, जीतेन्द्र पाशवान सामिल थे।

# परशुराम युवा वाहिनी ने कथावाचक को श्रीमद्भागवत गीता भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के सदस्यों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर यहां श्री बंशीधर मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज को श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर व राधे राधे का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही कथा का श्रवण किया। इसके पूर्व सदस्यों ने श्री बंशीधर जी की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की। उस मौके पर राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, विकास कुमार दुबे, संजय पांडेय एवं लोकेन्द्र दुबे आदि मौजूद थे।

## आस्था के साथ भक्तों ने मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# आकर्षक ढंग से सजाया गया माधव का द्वार




### स्थानीय मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह त्यौहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है और इसे हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं और उनके दिव्य अवतार की पूजा-अर्चना की जाती है। खरौंधी प्रखंड के मझिगावां, खरौंधी, करिवाडीह, राजी, सुंडी, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा सहित विभिन्न गांव व कस्बों में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले से शुरू हो जाती है। खरौंधी प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। स्थानीय मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। विशेष रूप से मध्यरात्रि के समय, जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, भक्तों ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर घरों में भी विशेष तैयारियां की गईं। लोगों ने अपने घरों में भगवान कृष्ण की झांकियां सजाईं और पूरे दिन उपवास रखा। घर-घर में भक्तों ने विशेष पकवान बनाए और भगवान को भोग लगाया।खरौंधी प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी की इस धूमधाम ने जनप्रतिनिधियों ने लोगों के बीच एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस प्रकार, कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व खरौंधी प्रखंड में न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि यह स्थानीय समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन का भी अभिन्न अंग साबित हुआ। हर आयु वर्ग के लोगों ने इस पर्व का आनंद लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य, धर्म और प्रेम के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

बच्चों और युवाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा में नृत्य और नाटकों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में युवाओं ने मटकी तक पहुंचने के लिए मानव पिरामिड बनाया और उसे फोड़ने का प्रयास किया।

### पति ने पत्नी को मारने का असफल प्रयास किया

**मेराल।** थाना क्षेत्र के रेजो गांव के दुनुखाड़ टोला में प्रेम चौधरी के घर में आग लगने की घटना घटी। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रेम चौधरी उर्फ गुठल चौधरी अपनी पत्नी तेतरी देवी की गला दबाकर मारने का प्रयास कर रहा था रहा था। यह घटना रात्रि लगभग 10 बजे के आसपास का बताया जाता है। चिल्लाने पर अगल बगल के लोग दौड़ कर पहुंचे। तब जाकर उसकी पत्नी तेतरी देवी का जान बच सका। उसकी मुंह से खून निकल रहा था। लोगों के आने पर प्रेम चौधरी घर से भाग गया। इसके बाद जब सब लोग अपने-अपने घर को चले गए। कुछ देर बाद प्रेम चौधरी घर पर आकर स्वयं ही घर में आग लगा दिया। जिससे घर के साथ घर में रखा सारा सामान तथा पिंजरे में बंद दो तोता जलकर राख हो गया। आग लगाने के बाद लपट देखकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझाने में लोग नाकाम रहे। आग लगाने के बाद प्रेम चौधरी भाग गया है।

## न्यूज बॉक्स

### एसपी ने श्रीबंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना, विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**श्री बंशीधर नगर।** एसपी दीपक कुमार पांडेय ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर यहां श्री बंशीधर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये एसपी ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में मथुरा एवं वृंदावन की तरह जन्माष्टमी मनाई जाती है। यहां स्थानीय लोगों के साथ साथ बिहार, यूपी एवं छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालु मंदिर आते हैं और भगवान का दर्शन पूजन करते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये मंदिर एवं शहर के सभी चौक चौराहों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। मंदिर में महिला बल को भी लगाया गया है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन तत्पर है। उस मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, श्री बंशीधर सूर्यमंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, आचार्य सत्यनारायण मिश्र, ट्रस्ट के सलाहकार राजेश कुमार पांडेय, धीरेंद्र चौबे, मंदीप प्रसाद, सुजीत अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### झामुमो की बैठक में बूथ कमेटी गठित करने पर बल



**डंडई।** प्रखंड झामुमो की बैठक जगदीश सोनी के घर पर सोमवार को हुई। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप सिंह व मुक्तेश्वर पांडेय की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कुछ माह बाद संपन्न होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव पर विशेष रूप से चर्चा की। इस दौरान बूथ जीतों चुनाव जीतों पर बल देते हुए बैठक में भाग लिए कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि किसी भी चुनाव का पहला कड़ी है बूथ कमेटी का गठन होना। बूथ कमेटी का गठन सोच समझ कर व आपसी तालमेल के साथ लोगों को उसमें शामिल करने की बात कही गई । लोकसभा चुनाव के दौरान आनन फानन में बूथ कमेटी के गठन में हुई भारी गलती पर लोगों द्वारा नई बूथ कमेटी के गठन को लेकर ऐसा निर्णय लिया गया। वहीं उसके अलावा प्रखंड से लेकर पंचायत तक युवा मोर्चा महिला व पुरुषों का भी कमेटी गठन करने की बात कही गई। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना सहित कई तरह के सरकार की ओर से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में गांव टोला और मोहल्ले में व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार करने का निर्देश वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा दिया गया। उनके द्वारा कहा गया कि सरकार की ओर से झारखंड वासियों के लिए जो वादा किया था उसे तो पूरा किया ही जा रहा है, लेकिन जिस योजना के बारे में सरकार की ओर से चुनाव के दौरान कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया गया था उसे भी झारखंड वासियों के हित में धरातल पर उतार कर उसका लाभ लोगों को देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना और अबुआ आवास जैसे जन कल्याणकारी योजना के बारे में पार्टी के लोगों के द्वारा किसी भी तरह का चुनावी घोषणा नहीं किया गया था। लेकिन 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रति माह 1000 सहयोग राशि और बेघरों को घर का लाभ देकर झारखंड वासियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया गया है। मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश ,जितेंद्र ठाकुर, दीनानाथ पांडे, कृष्णकांत सिंह, सनी कुमार, कामेश्वर ठाकुर, लाल। पासवान ,अनिल प्रसाद गुड्डू के साथ-साथ पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने बैठक में अपने-अपने विचारों को रखा।

### केरल कमाने गए युवक की मौत

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी राजेंद्र बैठका के 30 वर्षीय मनोज बैठा की मौत रविवार की रात केरल में हो गई। जानकारी के अनुसार 17 अगस्त की रात मनोज सरिया शटरिंग का कार्य करने केरल गया था। बताया जाता है कि दिन में काम कर रात में अपने कमरे में मोबाइल देख रहा था। देर रात हिचकी आया और बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में साथ रह रहे लोग इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। साथियों द्वारा मनोज का शव घर लाया जा रहा है। मंगलवार की सुबह तक शव घर पहुंचने की संभावना है। मौत की सूचना मृतक के परिजनों को नहीं दी गई है। मृतक के दो पुत्री व एक पुत्र है। पुत्र सबसे छोटा डेढ़ वर्ष का है। मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व वित्त मंत्री 28 को गढ़वा में

**गढ़वा।** कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ बैठक किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव 28 अगस्त बुधवार को गढ़वा पहुंचेगें। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड, मंडल, पंचायत अध्यक्ष, अग्रिम संगठन के पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ बैठक करेंगे। बैठक उत्सव गार्डेन में सुबह दस बजे से शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के आगमन और उसकी तैयारी को लेकर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ बैठक की। जिलाध्यक्ष ने सभी कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं से बैठक में आवश्यक रूप से सम्मिलित होने की अपील की है। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी, जिला महासचिव दिवाकर चौबे, गढ़वा प्रखण्ड अध्यक्ष उगेन्द्र चौबे, खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष राजेश रजक, भवनाथपुर प्रखण्ड अध्यक्ष इन्द्र देव बैठा, नगर प्रखण्ड अध्यक्ष शैलेश चौबे, डंडई प्रखंड अध्यक्ष भोला राम, विशुनपुरा प्रखण्ड अध्यक्ष शलेंद्र प्रताप देव, सगमा प्रखण्ड अध्यक्ष देवचंद यादव, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रोहित पांडेय, सोनू सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, धुरकी प्रखण्ड अध्यक्ष अरविंद यादव, रमना मंसूर अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, भरदूल चंद्रवंशी, विनीत कुमार, बिट्टू सिंह मौजूद थे।

# श्री कृष्ण की भक्ति रस में रमे श्रद्धालु जन्माष्टमी की रही धूम

## राधा कृष्ण मंदिरों व घरों में पूजन और भजन-कीर्तन हुआ



राहुल कौशल। लोहरदगा

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। घर-घर भगवान की विभिन्न रूपों की झांकियां सजाई गईं। रात के बारह बजे का घंटा बजते ही मंदिरों में महापूजन महाआरती की गई। लगभग सभी कृष्ण मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में भगवान कृष्ण के लिए झूले सजाए गए थे। जहां भक्तों ने मध्य रात्रि के बाद झूला झुलाकर मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। बाल गोपाल के जन्म के बाद उन्हें पंचामृत से स्नान करवाया गया. वस्त्र धारण करने के बाद भगवान कृष्ण के शरीर पर चंदन और तुलसी का लेप लगाया गया, ताकि उन्हें ठंडक प्राप्त हो. इसके बाद उनके बालस्वरूप का श्रृंगार हुआ. उन्हें खास तरह का मयुरांबर पोशाक पहनाया गया और आरती हुई. इस दौरान ढोल-नगाड़े, झांझ-मजीरा, घंटे, तालियां और मृदंग की गड़गड़ाहट गूंजती रही. बालगोपाल को पाग, पंजीरी का भोग लगाया गया. कीर्तन से पूरी लोहरदगा गुंजायमान रही. चारों तरफ कन्हैया के मॉडर्न गीतों की धूम रही और सभी कृष्ण भक्त गानों में सराबोर नजर आए. भादों मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीहरि ने कृष्ण अवतार लिया था। भगवान की इस जन्म की खुशी पर कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार उनके भक्त धूमधाम से मनाते है। भगवान कृष्ण के रूप के दर्शन के लिए शाम से ही माताएं एवं बहनें की भारी भीड़ जुटी रही। भगवान कृष्ण के जन्म के राधा कृष्ण मंदिर का पट खुलते ही श्री कृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव जनमाष्टमी के रुप में धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं पुरुष देर रात तक मंदिरों में जमे रहे। सुरक्षा-व्यवस्था काफी चुस्त-दुरुस्त थी।

### मंदिरों में झूलन लगाकर श्रीकृष्ण और राधा की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई

**लोहरदगा ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ नंदलाल का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिरों में झूलन लगाकर श्रीकृष्ण और राधा की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। जन्माष्टमी के मौके पर राधे-कृष्ण की स्तुति में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग लीन रहे। शहरी क्षेत्र के पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, वीर शिवाजी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, तेतरतर, गायत्री मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर, तिवारीदूरा मंदिर सहित विभिन्न मठ-मंदिरों में जन्माष्टमी के मौके पर विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया।



### कान्हा की भक्ति में डूबे गांव और शहर

**लोहरदगा।** भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में गांव से लेकर शहर तक न सिर्फ राधे गोविंद की गूंज रही, बल्कि पूरा जिला गोविंद की भक्ति में रंगा रहा. कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर घरों से लेकर मंदिरों तक पूजा-अर्चना चलती रही। गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, गांव से लेकर शहर के गलियारों तक हर तरफ तक कण कण में श्रीराधे गोविंद की गूंज थी।

### कैमो पतराटोली में कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना हुई

**लोहरदगा।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम सोमवार को शहर और ग्रामीण इलाकों में छाई रही। स्थानीय राधा कृष्ण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से योगेश्वर श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए उमडनी शुरू हो गई थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कैमो गांव में आयोजित होने वाले कृष्ण जन्म उत्सव का आयोजन आकर्षक ढंग से की गई। कैमो गांव में स्थापित सरना माता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में श्रद्धालु डूबते चले गए। इस दौरान कैमो गांव कृष्ण की भक्ति में लीन मथुरा में तब्दील हो गया। इस मौके पर सरना और सनातनी धर्मावलंबी महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली। सरना माता और भगवान श्री कृष्ण का जय घोष करते हुए मंदिर के निकट स्थित धर्मदाड़ी से जल लिया गया। वैदिक और सरना विधि से पुरोहितो ने धर्मदाड़ी से पूजन अर्चना किया। इसके बाद मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण का झूला स्थापित कर सामूहिक हवन और प्रवचन मध्य रात्रि तक चला। मान्यता है कि कैमो क्षेत्र में जन्माष्टमी के दिन कृष्ण के रूप में किसी न किसी परिवार में बच्चे का जन्म होता है। इस आस्था और विश्वास से ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से श्रद्धालू कैमो गांव जन्माष्टमी के मौके पर खींचे चले जाते हैं। लोगों ने भक्ति भाव के साथ बाल गोपाल की स्तुति की। कई स्थानों पर भगवान की झांकी भी निकाली गई।

## न्यूज बॉक्स

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद की किया मदद



**लोहरदगा।** बीते रात्रि लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती मरीज हिसरी पंचायत निवासी रसीदा खातून को चिकित्सकों ने ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध कराने की बात कही। जिसपर मरीज के परिजनों ने युवा कांग्रेस से मदद की गुहार लगाई। इसकी सूचना पाते ही लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं जिला महासचिव कैश आलम के पहल पर वसीम अंसारी द्वारा जरूरतमंद मरीज को एक यूनिट रक्तदान किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रयासरत है किसी के जीवन को बचाना नेक कार्य है। जिला महासचिव कैश आलम ने कहा की युवा कांग्रेस हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार खड़ी है और अनेक कार्यों के द्वारा लोगों की मदद कर रही है। मौके पर जिला महासचिव तौसीफ आलम, जिला महासचिव आसिफ अंसारी, मोहसिन अंसारी, मंजूर अंसारी,विकास उरांव आदि उपस्थित थे।

### पेट्रोल पम्प कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध



**भंडरा।** भंडरा स्थित यशराज ऑटोमोबाइल और चट्टी पेट्रोल पम्प संचालक व कर्मियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। पम्प संचालक संजय खत्री ने बताया कि डीलर मार्जिन में बढ़ोतरी, वैट दरों में कमी, वैट रिटर्न से मुक्ति और प्रदूषण जांच केंद्र की अनिवार्यता से मुक्ति संचालकों का मुख्य मांग है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में पेट्रोलियम डीलरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पम्प में रणविजय सिंह, सज्जिद अंसारी, रन्थु, सत्यनारायण, मनीष, बंदीराम, प्रमोद आदि ने काला बिल्ला लगाकर काम किया।

### बिजली करंट से दस वर्षीय बच्ची की मौत

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में सोमवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से डुमरी गांव निवासी सुजीत कुजूर की दस वर्षीय पुत्री आयुषी कुजूर की मौत हो गई । घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस गांव पहुंच गई है हालांकि ग्रामीणों के अनुरोध पर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम नहीं कराया गया स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आयुषी अपने घर से दूर खेलने गई थी इसी दौरान खेत में पहले से गिराया हाई टेंशन वोल्ट तार की संपर्क में आ गई इसे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है घटना के बाद घर के सदस्यों के अलावा गांव में मातम छा गया है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि शव को गांव में ही पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### लोहरदगा की पूर्व डीएसई निर्मला कुमारी बरेलीया की हार्ट अटैक से निधन



**लोहरदगा।** लोहरदगा की तत्कालीन डीएसई व रिजनल जॉइंट डायरेक्ट ऑफ एजुकेशन कोल्हान प्रमंडल निर्मला कुमारी बरेलिया का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके गम्हरिया स्थित आवास जमशेदपुर मे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया । जमशेदपुर की जिला शिक्षा पदाधिकारी से परमोशन होने के बाद कोल्हान प्रमंडल की क्षेत्रीय जॉइंट निदेशक शिक्षा विभाग की पदाधिकारी पर कार्यरत थी । उनके निधन से लोहरदगा शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि निर्मला कुमारी बरेलीया चीरी डायट, लोहरदगा एवं लातेहार में जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर सेवा दी थी।

### संत मोनिका पर्व पर मिस्सा पूजा का किया गया आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के विभिन्न चर्चो में रविवार को संत मोनिका पर्व दिवस धूमधाम के साथ मनाई गई। कटकाही चर्च, संत जॉन चर्च एवं मालम चर्च में संत मोनिका पर्व पर मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। संत मोनिका को माताओं के संरक्षिका के रूप में याद कर उनके आचरण और संस्कार को अपने परिवार में उतारने का संकल्प लिया गया और इसे माता दिवस के रूप में मनाया गया। संत जॉन चर्च परिसर में आयोजित मिस्सा पूजा में शामिल धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए चैनपुर पल्ली के डीन फादर जेभिरियानुस किंडो ने कहा कि संत मोनिका के संदेशों और उनके जीवन के उद्देश्यों को लोग साकार करे। उन्होंने कहा कि संत मोनिका अपने पति व पुत्र के व्यवहार से परेशान थी। ईश्वर की भक्ति के बदौलत संत मोनिका अपने पति व पुत्र को धार्मिक जीवन में वापस लाई। संत मोनिका माता के आदर्श हैं उत्तरी अफ्रीका में जाने मोनिका का परिवार भटकाव की जिंदगी जी रहा था उनके पति वह बेटे अधर्मियों की तरह की रहे थे ऐसी स्थिति में संत मोनिका ने दोनों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए ईश्वर के प्रार्थना में लीन रहती थी। मौके पर फादर पवन, फादर ईनुसेंट, जीप सदस्य मेरी लकड़ा, सिस्टर व काफी संख्या में खीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

## चोरों ने की बिजली तार की चोरी अंधेरे में रहने पर विवश ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

अज्ञात अपराधियों ने झखरा जितियाटोली बिजली तार चोरी घटना को दिया अंजाम ग्रामीणों के बीच समस्या हुई उतपन्न हो गई है. सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली में बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली खंभा में लगा तार को चोरी कर लिया गया. ग्रामीणों ने बताया कि चोरी घटना को अंजाम रविवार रात्रि में दिया गया है.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि बिजली खम्भा में लगे ग्यारह हजार बिजली तार को अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया. जिससे ग्राम वासी अंधेरे में रहने को मजबूर है।वही बिजली तार चोरी होने की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुआ जब लोग बाहर निकले और अचानक बिजली खंभा पर नजर गया तो देखा की गांव के अगल बगल लगे बिजली का तीन पॉल से तार को काट लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है।कि बिजली तार चोरी होने से बरसात के महीने में रात को काफी रहने में दिकत होगी और अंधेरा में रात गुजारना होगा।बच्चों को पढ़ाई लिखाई में भी परेसानी होगी।साथ ही बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी अज्ञात चोरों द्वारा बिजली तार का चोरी कर लिया गया था।जो अभी तक नही लगा है।और फिर से अज्ञात चोरों द्वारा बिजली तार चोरी घटना को अंजाम दिया गया।जिसकी सूचना बिजली मानव दिवस कर्मी के द्वारा विभाग को अवगत कराया जा चुका है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री हरि विष्णु की हुई पूजा-अर्चना



**कैरो/लोहरदगा।** सोमवार को कैरो मुख्यालय स्थित शिव मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा अर्चना हुई। स्थानीय समिति के द्वारा 12 घन्टे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी के द्वारा मंदिर मे विधि-विधान पुर्वक भगवान विष्णु की पुजा अर्चना के बाद स्थानीय समिति के द्वारा हरे राम हरे राम,हरे कृष्ण हरे कृष्ण का 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। उक्त कीर्तन का आयोजन 26 अगस्त सोमवार को 12 बजे दिन से शुरू होकर 12 बजे मध्य रात्रि प्रभू श्री कृष्ण जी के जन्म के उपरांत समाप्त होगी। मौके पर कैरो श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर के अखन्ड कीर्तन मे गंगा साहू,वसंत साहु,मोती कुमार,कृष्णा साहू,सुरज मोहन साहू,रामपवित्र सोनी,ओम साहू,सुजीत प्रसाद,शंकर साहू,बालेश्वर साहू,राजेन्द्र सोनी इत्यादि अनेको लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा के सभी मुखिया आज से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला मुखिया संघ की बैठक जिले के बक्सीडीपा में संघ के जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुखिया के विभिन्न मांग को लेकर प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर जिले के सभी मुखिया 27 अगस्त 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। कहा आपातकाल को छोड़कर योजना संबंधी कार्य नहीं होंगे। कहां की जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मुखियाओं के अधिकार, सुरक्षा, बीमा संबंधी कई मांग को लेकर विभागीय अधिकारी सहित मंत्री, सरकार को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। परंतु अब तक इन सभी मांगों पर किसी भी तरह का कोई पहल नहीं किया गया है, इसलिए अंततः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक दिलीप कुमार उरांव, राजश्री उरांव सहित जिले के मुखिया शामिल थे।

### जीवन के हर रूप में मोहते हैं योगेश्वर श्री कृष्ण

**लोहरदगा।** विभिन्न आलौकिक कृत्यों के बीच श्रीकृष्ण जीवन में माधुर्य का संदेश देना नहीं भूलते। वह विभिन्न प्रकार की बाल क्रीड़ाएं करते हैं, मनमोहक बांसुरी वादन करते हैं तथा रास जैसी मोहक नृत्य विधा का सृजन करते हुए समस्त बृज प्रांत को महारास के रस में डुबो देते हैं, जिसमें सम्मिलित होने का लोभ संवरण स्वयं देवाधिदेव महादेव भी नहीं कर पाते और स्त्री वेश धारण कर इस महारास में सम्मिलित होते हैं। बृज के समस्त गोप-गोपियां श्रीकृष्ण के साथ भावनात्मक तथा आध्यात्मिक रूप से इतनी गहराई से जुड़े हैं कि श्रीकृष्ण के बिना वे अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। लेकिन बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक आते-आते श्रीकृष्ण अपने कर्मन्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के विचार को मूर्त रूप देते हैं। जब कर्तव्यपालन हेतु अपना गांव छोड़ कर जाना पड़ता है तो सभी ग्रामवासी व्याकुल होकर उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं, किंतु श्रीकृष्ण भावनाओं के ऊपर कर्तव्य को प्रधानता देते हुए मथुरा को प्रस्थान कर जाते हैं। वहां उन्हें अपने अत्याचारी मामा कंस का वध करना है।

## परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ चेहल्लुम

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**

कुडू परखण्ड के उडूमुडू पंचायत अंतर्गत बारीडीह स्थित पेठिया बगीचा में मोहर्रम का चेहल्लुम-चालीसवां का मेला सोमवार 26 अगस्त को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मेला में पहुंचे दर्जनों गांव के अखाड़ों ने शानदार प्रदर्शन किया ततपश्चात सभी को सम्मानित किया गया। वहीं



अकीदतमंदों ने फतेहाख्वानी कर अमनोअमान की दुआएं मांगी। इधर मेले में सजे खानपान, गृहस्थी, मनोरंजन की दुकानों पर पहुंच कर महिलाओं और बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से कुडू पुलिस के जवान भी भर्मण करते रहे। मौके पर कुडू थाना के एसआई सब्बिरुद्दीन अंसारी, मुनीम अंसारी, राशिद अंसारी, बसीर अंसारी, हफीजुल अंसारी, नासिर अंसारी, कमरुल इस्लाम, हलीम अंसारी, जमील अंसारी, अताउल अंसारी, साजिद कलाल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण से मित्रता निभाने की सीख लें बच्चे : बीके बालाजिनप्पा



### डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के रंग में रंग गए थे। विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी बातों पर बल दिया गया। विद्यालयों में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धरकर सभी को मोहित कर दिया। इस क्रम में सोमवार को स्थानीय डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राधा-कृष्ण के रूप में सभी समुदाय के बच्चों ने अपने आपको प्रस्तुत कर संदेश दिया कि विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष धर्म नहीं है। वे मानवता, स्नेह व प्रेम के पुजारी हैं। उनके मार्गदर्शक उनके शिक्षक हैं और सबका मालिक एक है। विद्यालय के बच्चों ने राधा कृष्ण की वेश भूषा में शामिल होकर कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति रखी। बच्चों ने यशोदा का नंदलाला..., हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की..., आदि गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक बीके बालाजिनप्पा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर पापियों का संहार करने का कार्य किया है। उन्होंने बुराई पर अच्छाई की जीत दिलायी है। बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता निभाने, सच्चाई और धर्म की रक्षा के लिए तत्पर होने की सीख लेनी चाहिए।कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य का बोध कराता है। हमें सभी के साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए। जिस प्रकार से भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत में सच्चाई का साथ दिया, उसी प्रकार से हमें भी सच्चाई का ही साथ देना चाहिए। इस मौके पर श्री कृष्ण के बाल रूप की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमे कंस वध, कृष्ण सुदामा मिलन, कुरुक्षेत्र में सारथी के रूप में श्री कृष्ण, राधा कृष्ण का मिलन आदि शामिल थे। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 80 छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण के वेश भूषा धारण कर के आए थे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने कृष्ण सुदामा जी की मित्रता का दृश्य , कंश की हत्या का दृश्य,गीता के उपदेश का दृश्य और राधा कृष्ण के प्रेम लीला का दृश्य को देख उपस्थित सभी छात्रों एवम अभिभावकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शामी बालाजिनप्पा , जॉय विवेक ,हैप्पी ऐनल,विद्यालय के शिक्षक एवम शिक्षिकाएं , चिलिम चंकनी,उमंग ,देवानंद , कृष्णा,मानसी आदि लोगो का सहयोग रहा।

## भंडरा में फिर से पहुंचा हाथियों का झुंड फसलों को रौंदा, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

हाथियों का एक झुंड रविवार रात को अचानक कैरो प्रखंड की सीमावर्ती बंडा गांव पहुंच गया. हाथियों के विचरण तथा चिंघाड़ने की आवाज सुनकर ग्रामीण अपनें घरों से निकलकर सड़क पर आ गये। इसके बाद हाथियों को गांव से खदेड़ दिया गया, लेकिन हाथियों के झुंड ने भंडरा प्रखंड के कसपुर गांव होते हुए सेमरा के बाद तिलसीरी गांव के समीप सोमवार दिन भर डेरा जमाये रखा। इस दौरान हाथियों के झुण्ड ने नवडीहा के जुगल भगत , कसपुर गांव के रामु लोहरा, एतवा उरांव, संतोष उरांव, अनिल उरांव सहित आधा



दर्जन किसानों के धान फसलों को रौंद दिया है। बताया जाता है कि बीस हाथियों का झुंड अचानक रविवार देर शाम लगभग आठ बजे कैरो के नौरौली गांव होते भंडरा के बंडा गांव पंहुचा जिसके बाद ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड दिया। हाथियों के झुंड में चार बच्चे व एक हथिनी सहित कुल बीस हाथी बताया जा रहा है। हाथियों के झुंड के गांव के समीप आने की सूचना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर उतर आये। हाथियों को खदेड़ने के लिए मशाल जलाया गया। मशाल देख हाथियों का झुंड गांव से निकलकर खेतों की तरफ चला गया तथा किसानों के खेत में लगी फसलों को रौंद दिया। हाथियों के झुंड ने खेतों में लगी कुछ फसल को खाने के बाद तिलसीरी पतरा मे सोमवार दिन पर जमे रहे।कर गये। हाथियों के झुंड को पतरा में प्रवेश करने के बावजूद ग्रामीण सड़को पर डटे रहे।

### दो जंगली हाथियों ने तीन घरों को किया ध्वस्त

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली पंचायत अंतर्गत कुसुमटोली ग्राम में रात में दो जंगली हाथियों ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं घर में रखे धान को भी चट कर गया है। कुसुमटोली निवासी फुलजेंस मिंज पिता स्व. अल्फोस मिंज के घर को एवं कांता मिंज पति जखरियस मिंज के दो घरों को चैनपुर प्रखंड के बुकमा ग्राम की ओर से आए दो जंगली हाथियों ने ध्वस्त कर दिया है जिससे ग्रामवासी भयभीत हैं और प्रशासन से बचाव एवं मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वहीं मौके पर पहुंचे उपमुखिया जवाहर कवर ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया है की वे इस संबंध में अंचल कार्यालय एवं वन विभाग से बात



कर मुआवजे की प्रक्रिया हेतु पहल करेंगे। उन्होंने बताया की उक्त पीड़ित परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले हैं ऐसे में बरसात के समय इनके घर क्षतिग्रस्त होने से इनके समक्ष भारी परेशानी खड़ी हो गई है। साथ ही दोबारा ऐसी कोई क्षति न हो इसके लिए वन विभाग से टार्च, पटाखे एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराने की अपील की है।

### वृद्ध महिला को गांव के ही एक व्यक्ति ने पीटा, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित अरमई गांव निवासी 60 वर्षीय पंचू देवी को , गांव के चापाकल के समक्ष संजय साहू नामक व्यक्ति ने किसी बात को लेकर उक्त महिला के कमर में एक लात मार दिया। इसके बाद महिला जमीन पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में उसका कमर टूट गया है। घटना की जानकारी पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए।

## एक नजर

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बधाई दी



**महुआडांड।** झारखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो महुआडांड़ के युवा कांग्रेस सह मनिका आदिवासी सेल प्रभारी अजित पाल कुजूर व प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुहैल अहमद ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नये प्रदेश अध्यक्ष से झारखंड कांग्रेस को ढ़ेर सारी उम्मेद है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी।

### धूमधाम से गणेश पूजा मनाने का निर्णय लिया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के स्थानीय दुगार्बाड़ी परिसर में रविवार को विनीत कुमार पाठक की अध्यक्षता में मां महाकाली संघ (थाना मोड) के सभी सदस्यों के बीच बैठक में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके आयुष जायसवाल,विकास कुमार,पप्पू कुमार, हिमांशु जायसवाल, भोला, अंकित कुमार, गौरव धनुष, शक्ति सिंह, मोहित सोनी ,सूरज सोनी ,हर्ष यादव रिंकू वं संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत रेची गांव में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव निवासी दसू उरांव के पुत्र भीम उरांव के रूप में हुई है। घयाल को परिजनों ने बालूमाथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने घायल भीम उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### महिला ने कीटनाशक खाया, मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के अमझरिया गांव में सोमवार की दोपहर नेपाली गंझू की पत्नी देवंती देवी ने पारिवारिक कलह के बाद कीटनाशक खा लिया। जिसके बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में महिला की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। स्थिति बिगड़ने के बाद महिला को रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचने से पहले ही महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गयी है।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

### दादी प्रकाश की मनी पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बाईपास रोड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व दादी प्रकाश मनी की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गयी। बच्चों द्वारा मनमोहक तरीके से श्रीकृष्ण राधा की झांकी प्रस्तुत की गयी। कृष्ण की बाल लीला जैसे माखन चोरी और यसोदा मैया के द्वारा रस्सी से बन्धना राधा, कृष्ण की नृत्य सभी को मन मोह लिया। उसके बाद सभी भाई बहन ने उनकी आरती उतारी फिर माखन मिश्री की भोग लगा कर सभी को खिलाया गया। मौके पर संस्था के बीके अमरीता ने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण की तरह 16 कला संमपूर्ण बन सकते है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पर कैसे विजय प्राप्त कर सकते है। उसके बाद दादी प्रकाश मनी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनकी जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम मे अनेक भाई बहनों ने भाग लिया।

### यादव समाज ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**गिद्धौर (चतरा)।** अखिल भारतीय यादव महासमाज के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड के सलगा शिव मंदिर परिसर में सोमवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के दर्जनों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारी गई।जबकि प्रसाद का वितरण कर लोगों ने जय श्री कृष्ण का उद्घोष किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष  ने किया।मौके पर  सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### मुखिया संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये

**महुआडांड़।** झारखंड मुखिया संघ द्वारा राज्यवित्त आयोग के राशि पंचायत को देने समेत विभिन्न मांग लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल व प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जाकिर हुसैन पार्क (राज भवन) के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसका समर्थन महुआडांड मुखिया संघ द्वारा भी किया है। इस संबंध में महुआडांड़ मुखिया संघ के अध्यक्ष रामविशुन नगेसिया ने बताया अनिश्चितकाल हड़ताल पर जाने की जानकारी लिखित रूप से  प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दिया गया है। 24 व 29 जुलाई को झारखंड मुखिया संघ द्वारा सरकार को मांगपत्र सौंपा गया है। साथ 20 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात और वार्ता के लिए समय भी मांगा गया था, लेकिन कोई सुनवाई एवं साकारात्मक पहल नही होने कारण झारखंड के सभी मुखिया आक्रोशित है। विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है।

## डीवीसी की गलत नीतियों के कारण आम लोग परेशान : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय की अध्यक्षता में नेवाडी पंचायत के ओबर गांव में डीवीसी की गलत नीतियों के खिलाफ  बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीवीसी की नीतियों के कारण प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने  कहा कि डीवीसी की नीतियों से स्थानीय जनता को गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीवीसी की गलत नीतियों को बदलने के लिए आजसू पार्टी सशक्त रूप से खड़ी है और ग्रामीणों के हक के लिए हर संभव कदम उठाएगी। मौके पर पार्टी द्वारा बायोडाटा कलेक्शन अभियान की शुरूआत की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने भी डीवीसी के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और पार्टी के इस अभियान की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि आजसू पार्टी उनके हक की लड़ाई में उनके साथ है। मौके  पर अभिजीत, सोनू, रवि वर्मा ,अंकित कुमार ,आसिफ अली ,भोला ठाकुर ,प्रमिला देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक ही रात पांच घरों में चोरी, नकदी सहित जेवरात लेकर हुए फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार की देर रात पांच घरों से चोरों ने नकदी सहित लाखों की जेवरात की चोरी कर लिया। सबसे ज्यादा नुकसान पोखन दांगी के पुत्र विनय दांगी को हुआ है। बताया जाता है कि विनय के घर से 20 हजार नकद व लाखों की जेवरात की चोरी चोरों ने कर लिया। जबकि दीना पासवान, दीपक दांगी, विकास कुमार, रूपलाल पासवान के घर में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इन लोगों के घर से भी नकदी सहित लाखों की जेवरात की चोरी कर लिया गया। निरंजन दांगी के घर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। घर के लोगों का नींद खुल जाने के कारण चोर फरार हो गए। बताया गया कि पैसे व जेवरात को छोड़ चोरों ने अलग-अलग जगह पर



घर के अन्य सामान को फेंक दिया था। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत खलिहान में बिखरा सामान को देखकर इसकी सूचना घर वालों को दिया। इसके पश्चात अपने-अपने सामान पहचान कर पीड़ित परिवारों ने लाया। बढ़ती चोरी की घटना से ग्रामीण काफी परेशान हैं।चोरी की घटना को लेकर पीड़ित परिवारों ने थाना में प्राथमिकी दर्ज को लेकर आवेदन दिया है।हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है।इधर सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। जबकि संदेह के आधार पर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि घटना का उद्वेदन जल्द किया जाएगा। चोरी की घटना की एक-एक पहलू की जांच किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो चोरी की घटना में ब्राउन शुगर की सेवन करने वाले युवाओं की मिलीभगत होने की संदेह है।

## दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सामुदायिक भवन परिसर में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता शितमोहन मुंडा ने की। बैठक के दौरान पिछले वर्ष दुर्गा पूजा पर आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। वहीं बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों को अभी से ही तैयारी में लग जाने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा के सफल संचालन के लिए दुर्गा मंडल रक्सी-जमीरा कमेटी का गठन किया गया है। शितमोहन मुंडा को पुनः अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, सचिव मणिलाल यादव, कोषाध्यक्ष चंद्रकिशोर गिरी को चुना गया है। इसके अलावा छह उपाध्यक्ष,पांच उप सचिव और मुख्य संरक्षक के पद पर 15 लोगों का चयन किया गया है। साथ ही 10 सदस्यीय कार्यकारणी सदस्य भी बनाये गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से डब्लू प्रजापति,धीरज प्रजापति,बबलू प्रजापति,विनोद उरांव,रविंद्र यादव, बालक यादव, संतोष प्रजापति, अनिल यादव, शंकर उरांव, यदु यादव, राजेंद्र महतो, किशोर गंझु समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने अवकाश कुमार

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा पूजा समिति हेरहंज की बैठक पुरुषोत्तम प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। दुर्गा पूजा  का त्योहार धूम-धाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल भव्य रूप से बनाने व लाइट की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। साथ में पूजा पंडाल के समीप अग्निशमन व बालू की व्यवस्था करना है। पूजा पंडाल में चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाना है। लाइट की व्यवस्था पंचायत भवन से लेकर सचेन्द्र साव के घर, एवं हॉस्पीटल तक, बाजार टांड़ से देवी मण्डप पुरनी हेरहंज तक करना है। दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में एक दिन का कार्यक्रम रखने की बात हुई। विसर्जन के दिन तासा पार्टी को बुलाया जाएगा। साथ ही दुर्गा पूजा बेहतर तरीके से मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में अध्यक्ष अवकाश कुमार, सचिव अरविंद कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, संरक्षक नागेन्द्र गुप्ता, दिनेश सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता, कुन्दन प्रसाद गुप्ता, पिंकू गुप्ता, आनन्द गोस्वामी, त्रिलोकी साव, मनोज यादव,गौरी प्रसाद सहित 9 लोग चुने गये। साथ ही 11 सदस्यीय पूजा कमेटी का गठन किया गया। बैठक में बजरंगी प्रसाद, कैलाश  कुमार ठाकुर, सोनू गुप्ता, पिन्टू गुप्ता, मदन प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, अभिषेक कुमार, रितेश प्रसाद, चन्दन कुमार, दीपक प्रसाद, विनय कुमार गुप्ता, रिशु कुमार का चयन किया गया। बैठक में विजय गुप्ता, दीपू प्रसाद, उमेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, रौशन कुमार, मिन्टू कुमार, केश्वरी साव, मयंक कुमार, विनय गोस्वामी, विनय गुप्ता, पीयूष कुमार, बसंत साव उपस्थित थे।

### छात्र तीन दिन से लापता, गुमशुदगी दर्ज



**चंदवा।** शहर से सटे कब्रिस्तान मोहल्ला निवासी आस्मीन परवीन पति मो इमरान ने चंदवा थाना में आवेदन देकर अपने 12 वर्षीय पुत्र मो. अंजर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना में दिये गए आवेदन में लिखा है कि मो.अंजर जिसका रंग सांवला है। वह ग्रीन फील्ड स्कूल का ब्लू रंग का टी-शर्ट और काला रंग का जींस पहने हुए है। 24 अगस्त की शाम 6 बजे से लापता है। परिजनों ने चंदवा पुलिस से अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है और अपने पुत्र अंजर का कहीं पता लगने पर मोबाइल नंबर 9631703246 और 620353506 पर संपर्क करने की गुजारिश की है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हरि कीर्तन का आयोजन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** श्री कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नोनगांव में ग्रामीणों द्वारा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास यादव ने विधिवत पूजा कर किया। वहीं इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर भव्य कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुसरी ओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित हरि कीर्तन में राधे-राधे श्रीकृष्ण आदि के लग रहे जयकारे से गांव माहोल पूर्ण रुप से भक्तीमय हो गया है। हरि कीर्तन कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, कुलदीप यादव, राजकुमार यादव, सौरभ यादव, आशीष प्रसाद यादव, तुलेश्वर यादव, मखराज यादव समेत नोनगांव के ग्रामीणों ने योगदान दिया।

## न्यूज बॉक्स

### नाबालिग की शादी, पुलिस ने रुकवाई

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सेरक पंचायत अंतर्गत एक गांव से एक नाबालिग किशोरी की शादी कर मानव तस्करी का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हेरहंज प्रखंड की एक नाबालिग किशोरी की शादी गुपचुप तरीके से हरियाणा के एक अधेड़ व्यक्ति के साथ कराई जा रही थी। शक होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी को दी, जिसके बाद सरोज देवी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी लेकर इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर किशोरी व बाहर से आए संदिग्ध लोगों को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। जिप सदस्य सरोज देवी की तत्परता से एक नबालिग युवती का जीवन बर्बाद होने से बच गया। बताया जाता है कि किशोरी का ननिहाल सेरक में है व परिजन काफी गरीब हैं। इसी का फायदा उठाकर गांव की एक महिला प्रलोभन देकर नाबालिग किशोरी की शादी हरियाणा के एक व्यक्ति से करा रही थी। जिस व्यक्ति से किशोरी की शादी कराने की कोशिश की जा रही थी वह काफी उम्रदराज बताया जा रहा है। मामले को लेकर पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में किशोरी नाबालिक है। अग्रतर कार्रवाई के लिए मामला सीडब्लूसी को सुपुर्द  किया जा रहा है।

### महुआडांड़ में मवेशी चोर गिरफ्तार

**महुआडांड़।** पुलिस ने सोमवार को मवेशी चोर गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिछले कुछ दिनों से महुआडांड़ थाना क्षेत्र में मवेशी चोरों का गिरोह सक्रिय था। क्षेत्र के किसान व मवेशी पालक परेशान थे। पुलिस प्रशासन ने मामले की छानबीन कर पीड़ित किसानों से बातचीत के बाद चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में अनुसंधान शुरू किया गया। चोरी में उपयोग किए गए पिकअप वाहन समेत एक आरोपी साबिर खान उर्फ इम्तियाज रांची (खलारी) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि शुक्रवार रात प्रखंड के बांसकरचा ग्राम से तीन एवं चेतमा से पशुपालक मदन मुंडा, शशि यादव, भिनसेंट कुजूर और नसीम अंसारी की मवेशियों की चोरी हुई थी। पशुपालको द्वारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। पशुपालकों ने बताया कि करीब 12:00 बजे के बाद अचानक मवेशी के चिल्लाने की आवाज आई। दरवाजा खोलकर बाहर निकला। लेकिन इतने में ही मवेशी चोरों ने मवेशी को पिकअप वैन में डाल कर भाग गये।

### बारिश में गरीब का आशियाना धराशायी, मदद की गुहार



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण फुलांग पंचायत अंतर्गत बांसडीह निवासी अतिमा खातून पति कयूम मियां का कच्चा मकान धराशायी हो गया। जिससे पीड़ित परिवार के समक्ष सिर छिपाने को लेकर परेशानी उत्पन्न हो गई है। पीड़ित परिवार बच्चों संग दूसरे के घर शरण लेने को मजबूर है। पीड़िता की माली हालत इतना ज्यादा खराब है कि अपने जीर्णशीर्ण कच्चे मकान के उपर प्लास्टिक ढ़क कर किसी तरह बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही थी। परंतु लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चा मकान धराशायी हो गया। पीड़ित दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर रहा था। माली हालात इतना दयनीय है कि बिना सहायता के सिर छिपाने के लिए आवास निर्माण नहीं कर सकती। पीड़िता ने पंचायत की मुखिया रेणू देवी के अलावा अंचल अधिकारी व थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। सबसे बड़ी विडम्बना है कि इस तरह के जरुरत मंद लोगों को अभी तक प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास मुहैया नहीं कराया जा सका है। इससे जिम्मेदार जन प्रतिनिधि एवं प्रखंड व जिला प्रशासन की कथनी व करनी दशार्ता है।

### करिवासन ने बेगोंकला राजपूर को हराकर जीता खिताब



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में यूनाइटेड क्लब के तत्वावधान में चल रहे सरदार वल्लभ भाई फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को हजारीबाग कटकमसांडी के करिवासन टीम बनाम बेगोकला राजपुर के बीच खेला गया। करिवासन ने बेगोंकला राजपूर को 3-1 से हराकर मैच जीत लिया। रविवार को उद्घाटन मैच सिमरिया बागरा बनाम कटकमसांडी डाटो के बीच खेला गया था, जिसमें बगरा सिमरिया की टीम ने कटकमसांडी डाटो को 3-1 से पराजित किया था।

### जीएस पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मना




**इटखोरी।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी मनाया गया। छात्र-छात्राओं को भगवान कृष्ण के जन्म की भावना में डूबने का मौका दिया गया। स्कूल परिसर भक्ति, रंग और पारंपरिक उत्साह से भरा हुआ था। स्कूल को खुबसूरत फूल मालाओं से सजाया गया था। छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें भगवान कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित पारंपरिक नृत्य और गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों में जन्माष्टमी से जुड़ी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। इस संबंध में जी.एस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सूर्यदेव प्रजापति ने बताया कि समय-समय पर स्कूल मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

## विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी परिसर में विश्वकर्मा पूजा मानने को लेकर राणा समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गिद्धौर के पूर्व उपमुखिया सुरेश प्रसाद राणा ने की। संचालन सुनील कुमार राणा ने किया। बैठक में सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा कमेटी का गठन सर्व सम्मति से किया गया। गठित कमेटी में रामदेव राणा को अध्यक्ष,सुनील कुमार राणा को सचिव, दिनेश्वर राणा को सह सचिव, सुरेंद्र राणा को कोषाध्यक्ष एवं संजय राणा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी गठन के पश्चात विश्वकर्मा पूजा को धूमधाम के साथ-साथ विधि विधान के साथ करने का निर्णय लिया गया। जबकि पूजा में सभी समाज के लोगों को सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में जीतन राणा,बालदेव राणा, बलराम राणा,बालचंद राणा, सुनील कुमार  सहित अन्य उपस्थित थे।

# गारू प्रखंड के सुरकुमी गांव में बिजली नही ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू ।** जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत सुरकुमी गांव के लोग अब तक बिजली की सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। गांव के निवासी दीपन सिंह, बीफन सिंह और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कई वर्षों से बिजली आपूर्ति की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक बिजली विभाग के तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ साल पहले गांव में बिजली के खंभे और तार तो लगाए गए थे, लेकिन बिजली सेवा आपूर्ति कभी शुरू नहीं हुई। बिजली आपूर्ति नहीं होने से गांव के विकास को बुरी तरह



प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेताओं द्वारा बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे गांव की समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। बीफन सिंह ने बताया कि बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, और शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि बिजली के बिना ग्रामीणों की आजीविका पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि आधुनिक कृषि उपकरण और अन्य सुविधाएं बिजली के बिना उपयोग नहीं हो पा रही हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने स्थानीय जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे गांव की बिजली जैसे महत्वपूर्ण समस्या का शीघ्र समाधान करें। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह ने कहा की इसके लिए मंत्री योजना के तहत बहुत जल्द सुरकुमी गांव समेत गारू प्रखंड में छूटे गांव में बिजली आपूर्ति की जाएगी।

